# <u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांकः 12.01.2026**

**आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2024** के पदों हेतु चतुर्थ चरण के साक्षात्कार दिनांक 19.01.2026 से 29.01.2026 तक आयोजित किये जायेंगे। चतुर्थ चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के **साक्षात्कार पत्र** आयोग की वेबसाईट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड कर दिये गये है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक से Interview Letter डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित होंवे।

साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र, अटेस्टेशन फार्म एवं सेवा प्राथमिकता क्रम की दो प्रतियां एवं संलग्नक दस्तावेजों की एक प्रति स्वहस्ताक्षरित (मूल दस्तावेजों सहित) साक्षात्कार के समय आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें। आयोग द्वारा साक्षात्कार पत्र पृथक से ऑफलाईन रूप में प्रेषित नहीं किये जायेंगे और ना ही ऑफलाईन विस्तृत आवेदन पत्र तथा सेवा प्राथमिकता क्रम प्रपत्र स्वीकार किये जायेंगे। उक्त के संबंध में जारी प्रेस–नोट दिनांक 24.11.2025 में दस्तावेजों के सम्बध में आवश्यक दिशा–निर्देशो का भी अवलोकन करें।

**(जितेन्द्र कुमार उदय)**
**उप सचिव**